# विक्टोरिया के नए बाल सुरक्षा मानक

What's new?
Overview of the new Child Safe Standards

Hindi

# नया क्या है?

## नए बाल सुरक्षा मानकों का अवलोकन

बाल सुरक्षा मानक (मानक) विक्टोरिया में जनवरी 2016 में शुरू किए गए थे। पाँच वर्षों के बाद हमने देखा है कि ये मानक बच्चों और युवाओं के लिए सुरक्षा में कैसे सुधार करते हैं।

हमारे मानकों को और भी मजबूत बनाने के लिए बदलाव किए जा रहे हैं।

[1]मानकों के दायरे में आने वाले संगठनों को **1 जुलाई 2022** तक नए मानकों का पालन करना होगा। तब तक मौजूदा मानक लागू रहेंगे।

नए मानक न्यूनतम आवश्यकताओं को निर्धारित करते हैं और बच्चों और युवाओं को सुरक्षित रखने के लिए संगठनों द्वारा उठाए जाने वाले कार्यों की रूपरेखा तैयार करते हैं। ये संगठनों के लिए अधिक स्पष्टता प्रदान करते हैं और ऑस्ट्रेलिया में लागू अन्य मानकों के अनुरूप हैं।

बच्चों और युवाओं को सुरक्षित रखने के लिए संगठन पहले से जो काम कर रहे हैं, उससे उन्हें नए मानकों का अनुपालन करने में सहायता मिलेगी। कुछ क्षेत्रों में संगठनों को नए मानकों को पूरा करने के लिए अपनी वर्तमान बाल सुरक्षा नीति, प्रथाओं और संगठनात्मक संस्कृति को बदलने या विकसित करने की आवश्यकता होगी।

यह मार्गदर्शिका संगठनों के लिए सहायक होगी क्योंकि वे नए मानकों के बारे में जानकारी प्राप्त कर पाएँगे तथा नए मानकों का अनुपालन करने के लिए आवश्यक नई कार्यवाहियों की पहचान करने के लिए अपनी बाल सुरक्षा नीतियों, प्रक्रियाओं और कार्यप्रथाओं की समीक्षा करना शुरू करेंगे। मार्गदर्शिका में *क्या बदल रहा है? वर्तमान और नए बाल सुरक्षा मानकों की तुलना करें* तथा आयोग के *अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न* भी सहायक हो सकते हैं।

आने वाले महीनों में संगठनों की सहायता के लिए और अधिक जानकारी तथा मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा, एवं जब आयोग द्वारा नई जानकारी व मार्गदर्शन जारी किया जाता है तो आप ईमेल प्राप्त करने के लिए यहाँ सदस्यता ले सकते/सकती हैं।

नीचे दी गई तालिका नए मानकों में नई आवश्यकताओं का सारांश प्रदान करती है।

---

[1] सुलभता को सुविधाकृत करने के लिए इस दस्तावेज़ में 'प्रासंगिक संस्थाओं' के सभी संदर्भों को 'संगठन/नों' से बदल दिया गया है। *बाल सकुशलता और सुरक्षा अधिनियम 2005* की धारा 3(1) में प्रासंगिक इकाई को परिभाषित किया गया है और यह बाल सुरक्षा मानकों के अधीन आने वाली संस्थाओं को शामिल करती है।

| नए बाल सुरक्षा मानक (1 जुलाई 2022 से शुरू होंगे) | नया क्या है या क्या बदल रहा है? | उपयोगी संसाधन |
|---|---|---|
| **बाल सुरक्षा मानक 1 - संगठन सांस्कृतिक रूप से सुरक्षित परिवेश की स्थापना करें जिसमें आदिवासी (एबोरिजनल) बच्चों और युवाओं की विविध और अनूठी पहचानों और अनुभवों को सम्मान और महत्व दिया जाता है**<br><br>बाल सुरक्षा मानक 1 के अनुपालन में संगठन को कम से कम यह सुनिश्चित करना चाहिए:<br><br>1.1 सभी बच्चों को अपनी संस्कृति को व्यक्त करने और अपने सांस्कृतिक अधिकारों का आनंद लेने की क्षमता को प्रोत्साहित और सक्रिय रूप से समर्थित किया जाता है।<br><br>1.2 संगठन के अंदर कार्यनीतियाँ अंतर्निहित हैं, जो सभी सदस्यों को आदिवासी संस्कृति की प्रबलताओं को स्वीकार करने और उसकी सराहना करने तथा आदिवासी बच्चों और युवाओं की सकुशलता और सुरक्षा के महत्व को समझने के लिए तैयार करती हैं।<br><br>1.3 संगठन के अंदर नस्लवाद की पहचान करने, उसका सामना करने और उसे सहन न करने की प्रवृत्ति सुनिश्चित करने के लिए संगठन द्वारा उपाय अपनाए जाते हैं। नस्लवाद के सभी मामलों को उचित परिणामों के साथ संबोधित किया जाता है।<br><br>1.4 संगठन सक्रिय रूप से अपने अंदर आदिवासी (एबोरिजनल) बच्चों, युवाओं और उनके परिवारों द्वारा भागीदारी एवं समावेशन का समर्थन तथा सुविधा प्रदान करता है।<br><br>1.5 संगठन की सभी नीतियाँ, प्रक्रियाएँ, प्रणालियाँ और प्रसंस्करण एक साथ मिलकर सांस्कृतिक रूप से सुरक्षित व समावेशी वातावरण बनाती हैं तथा आदिवासी (एबोरिजनल) बच्चों, युवाओं एवं उनके परिवारों की जरूरतों को पूरा करती हैं। | नए बाल सुरक्षा मानक 1 में संगठनों को आदिवासी (एबोरिजनल) बच्चों और युवाओं के लिए सांस्कृतिक रूप से सुरक्षित परिवेश बनाने के लिए नए कदमों को उठाने की आवश्यकता है। संगठनों को इस आवश्यकता को पूरा करना चाहिए, चाहे वे इस बात से अवगत हों या नहीं कि आदिवासी (एबोरिजनल) बच्चे और युवा वर्तमान में उनकी सेवाओं या सुविधाओं का उपयोग कर रहे हैं।<br><br>इस नए बाल सुरक्षा मानक 1 का अर्थ है कि अधिकांश संगठनों को आदिवासी (एबोरिजनल) बच्चों और युवाओं एवं उनके परिवारों के लिए एक सुरक्षित परिवेश बनाने के लिए अपने वर्तमान दृष्टिकोण में सुधार करने की आवश्यकता होगी। इस मानक को लागू करने के लिए निरंतर प्रयास किए जाने की आवश्यकता होगी, न कि केवल एक बार के परिवर्तन की।<br><br>यह मानक नए मानक 5 से जुड़ता है जिसके लिए आवश्यक है कि निष्पक्षता का पालन किया जाए और संगठनों में विविध आवश्यकताओं का सम्मान किया जाए। | आयोग नए बाल सुरक्षा मानक 1 का अनुपालन करने के लिए संगठनों की सहायता के लिए नए समर्पित संसाधनों को विकसित कर रहा है।<br><br>राष्ट्रीय आदिवासी (एबोरिजनल) तथा द्वीपवासी बाल देखभाल के सचिवालय (एसएनएआईसीसी) [Secretariat of National Aboriginal and Islander Child Care (SNAICC)] ने बच्चों के लिए सुरक्षित परिवेश बनाने के लिए आदिवासी (एबोरिजनल) और टोरेस स्ट्रेट द्वीपवासी बच्चों, युवाओं और समुदायों के साथ काम करने वाले संगठनों का समर्थन करने के लिए संसाधन विकसित किए हैं।<br><br>आयोग की बाल सुरक्षित संगठन बनाने के लिए आयोग की मार्गदर्शिका (Guide for Creating a Child Safe Organisation) में 'विविधता और सांस्कृतिक अंतर के लिए सम्मान के माध्यम से बाल सुरक्षा' अनुभाग में कुछ प्रासंगिक मार्गदर्शन भी शामिल हैं। |

| नए बाल सुरक्षा मानक (1 जुलाई 2022 से शुरू होंगे) | नया क्या है या क्या बदल रहा है? | उपयोगी संसाधन |
| --- | --- | --- |
| **बाल सुरक्षा मानक 2 - बाल सुरक्षा और सकुशलता संगठनात्मक नेतृत्व, प्रशासन तथा संस्कृति में अंतर्निहित है**<br>बाल सुरक्षा मानक 2 के अनुपालन में संगठन को कम से कम यह सुनिश्चित करना चाहिए:<br>2.1 संगठन बाल सुरक्षा के लिए सार्वजनिक रूप से प्रतिबद्ध है।<br>2.2 बाल सुरक्षा संस्कृति संगठन के सभी स्तरों पर ऊपर से नीचे और नीचे से ऊपर तक समर्थित तथा आदर्शित की जाती है।<br>2.3 प्रशासन व्यवस्थाएँ सभी स्तरों पर बाल सुरक्षा और सकुशलता नीति के कार्यान्वयन को सुविधाकृत करती हैं।<br>2.4 आचार संहिता कर्मचारियों और स्वयंसेवकों के लिए अपेक्षित व्यवहार मानकों तथा जिम्मेदारियों पर दिशानिर्देश प्रदान करती है।<br>2.5 जोखिम प्रबंधन कार्यनीतियाँ बच्चों और युवाओं के लिए जोखिम को रोकने, पहचानने तथा कम करने पर ध्यान केंद्रित करती हैं।<br>2.6 कर्मचारी और स्वयंसेवक सूचना साझा करने एवं अभिलेखन के विषय में अपने दायित्वों को समझते हैं। | नए बाल सुरक्षा मानक 2 के कई पहलू इसके अनुरूप हैं कि मौजूदा मानकों 1, 2 और 3 के तहत संगठनों को वर्तमान में क्या करने की आवश्यकता है।<br>नए बाल सुरक्षा मानक 2 में संगठन में सभी स्तरों पर बाल सुरक्षित संस्कृति बनाने के लिए सूचना साझा करने, अभिलेखन रखने और शासन व्यवस्थाओं पर अधिक बल दिया गया है। बच्चों के लिए जोखिमों के प्रबंधन को संगठनात्मक नेतृत्व, शासन और संस्कृति में शामिल करने की आवश्यकता है। | बाल सुरक्षित संगठन बनाने के लिए आयोग की मार्गदर्शिका (Guide for Creating a Child Safe Organisation) में वर्तमान मानकों 1, 2 और 3 के अनुभागों में कुछ प्रासंगिक मार्गदर्शन है।<br>न्यू साउथ वेल्स के बच्चों के अभिभावक कार्यालय (New South Wales Office of the Children's Guardian) की आचार संहिता: बाल सुरक्षित आचार संहिता विकसित करने के लिए मार्गदर्शिका, बाल सुरक्षित आचार संहिता विकसित करने पर व्यापक सलाह प्रदान करती है।<br>राष्ट्रीय सिद्धांत 1 के विषय में ऑस्ट्रेलियाई मानवाधिकार आयोग (Australian Human Rights Commission) का ई-लर्निंग मॉड्यूल उपयोगी सलाह प्रदान करता है और यह बाल सुरक्षा संगठन ई-लर्निंग पोर्टल के माध्यम से सुलभ है। |

| नए बाल सुरक्षा मानक (1 जुलाई 2022 से शुरू होंगे) | नया क्या है या क्या बदल रहा है? | उपयोगी संसाधन |
|---|---|---|
| **बाल सुरक्षा मानक 3 - बच्चों और युवाओं को उनके अधिकारों के बारे में सशक्त किया जाता है, वे उन्हें प्रभावित करने वाले निर्णयों में भाग लेते हैं तथा उन्हें गंभीरता से लिया जाता है**<br>बाल सुरक्षा मानक 3 के अनुपालन में संगठन को कम से कम यह सुनिश्चित करना चाहिए:<br>3.1 बच्चों और युवाओं को सुरक्षा, सूचना और भागीदारी सहित उनके सभी अधिकारों के बारे में सूचित किया जाता है।<br>3.2 बच्चों और युवाओं को सुरक्षित महसूस करने एवं कम अलग-थलग महसूस करने में सहायता करने के लिए मित्रताओं के महत्व को पहचाना जाता है तथा साथियों के समर्थन को प्रोत्साहित किया जाता है।<br>3.3 परिवेश या संदर्भ की प्रासंगिकतानुसार बच्चों और युवाओं को यौन शोषण रोकथाम कार्यक्रमों तथा प्रासंगिक संबंधित जानकारी तक उनकी उम्र के अनुसार सुलभता प्रस्तावित की जाती है।<br>3.4 कर्मचारी और स्वयंसेवक हानि के संकेतों के प्रति अभ्यस्त हैं तथा बच्चों व युवाओं को अपने विचारों को व्यक्त करने, निर्णय-प्रक्रिया में भाग लेने एवं अपनी चिंताओं को व्यक्त करने के लिए, बच्चों के लिए अनुकूल तरीकों को सुविधाकृत करते हैं।<br>3.5 संगठनों के पास ऐसी कार्यनीतियाँ हैं जो भागीदारी को सुविधाकृत करने तथा बच्चों और युवाओं के योगदान के प्रति उत्तरदायी संस्कृति विकसित करती हैं।<br>3.6 संगठन बच्चों और युवाओं को भाग लेने के अवसर प्रदान करते हैं तथा उनके योगदानों के प्रति उत्तरदायी होते हैं, जिससे आत्मविश्वास एवं सहभागिता मजबूत होती है। | बच्चों और युवाओं को सशक्त बनाने और उनकी भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए बाल सुरक्षा मानकों द्वारा संगठनों के लिए हमेशा आवश्यकता होती है कि उनके पास कार्यनीतियाँ स्थापित हों। ये दायित्व अभी भी जारी हैं।<br>नए बाल सुरक्षा मानक 3 के तहत संगठनों के लिए अतिरिक्त आवश्यकताओं में शामिल हैं:<br>• बच्चों और युवाओं को उनके अधिकारों के बारे में जानकारी देना<br>• बच्चों और युवाओं को सुरक्षित और जुड़ा हुआ महसूस करने में सहायता करने में मित्रताओं के महत्व को पहचानना और साथियों से समर्थन को प्रोत्साहित करना<br>• बच्चों और युवाओं को प्रासंगिकतानुसार यौन शोषण निवारण कार्यक्रम प्रस्तावित करना<br>• बच्चों को नुकसान के संकेतों की पहचान करने के लिए कर्मचारियों और स्वयंसेवकों को लैस करना। | आयोग का सशक्तिकरण और भागीदारी: बच्चों व युवाओं के साथ काम करने वाले संगठनों के लिए एक मार्गदर्शिका सशक्तिकरण एवं भागीदारी तथा इन्हें व्यवहार में कैसे लाया जाए, इसके बारे में संगठनों के लिए व्यावहारिक व सुलभ मार्गदर्शन प्रदान करती है।<br>बाल अधिकारों के विषय में संयुक्त राष्ट्र प्रसंविदा (United Nations Convention on the Rights of the Child) के तहत बच्चों के लिए अनेकानेक अधिकार स्थापित किए गए हैं। संयुक्त राष्ट्र ने एक सरलीकृत संस्करण प्रकाशित किया है।<br>शिक्षा और प्रशिक्षण विभाग (Department of Education and Training) के स्कूलों के लिए मार्गदर्शन में विभिन्न प्रकार के दुर्व्यवहार के संकेतों के बारे में उपयोगी जानकारी उपलब्ध है।<br>आयोग की बाल सुरक्षित संगठन बनाने के लिए आयोग की मार्गदर्शिका (Guide for Creating a Child Safe Organisation) में वर्तमान मानक 7 के खंड में कुछ प्रासंगिक मार्गदर्शन भी है।<br>राष्ट्रीय सिद्धांत 2 के विषय में ऑस्ट्रेलियाई मानवाधिकार आयोग (Australian Human Rights Commission) का ई-लर्निंग मॉड्यूल उपयोगी सलाह प्रदान करता है और यह बाल सुरक्षा संगठन ई-लर्निंग पोर्टल के माध्यम से सुलभ है। |

| नए बाल सुरक्षा मानक (1 जुलाई 2022 से शुरू होंगे) | नया क्या है या क्या बदल रहा है? | उपयोगी संसाधन |
|---|---|---|
| **बाल सुरक्षा मानक 4 - परिवारों और समुदायों को सूचित किया जाता है, तथा वे बाल सुरक्षा एवं सकुशलता को बढ़ावा देने में शामिल होते हैं**<br>बाल सुरक्षा मानक 4 के अनुपालन में संगठन को कम से कम यह सुनिश्चित करना चाहिए:<br>4.1 परिवार अपने बच्चे को प्रभावित करने वाले निर्णयों में भाग लेते हैं।<br>4.2 संगठन बच्चों के प्रति अपने सुरक्षित दृष्टिकोण के बारे में परिवारों और समुदाय के साथ जुड़ता है तथा खुले तौर पर संवाद करता है एवं प्रासंगिक जानकारी सुलभ है।<br>4.3 संगठन की नीतियों और प्रथाओं के विकास और समीक्षा में परिवारों और समुदायों की भूमिका होती है।<br>4.4 परिवारों, देखभाल करने वालों और समुदाय को संगठन के संचालन और शासन के बारे में सूचित किया जाता है। | कई संगठन पहले से ही वर्तमान बाल सुरक्षा मानकों के अनुपालन के हिस्से के रूप में परिवारों और समुदायों को सूचित और शामिल करते हैं।<br>नया बाल सुरक्षा मानक 4 बच्चों की सुरक्षा को बढ़ावा देने में परिवारों और समुदायों को शामिल करने के लिए संगठनों के लिए विशिष्ट दायित्व निर्मित करता है।<br>नए दायित्वों का अर्थ है कि संगठनों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे:<br>• बच्चों और युवाओं को प्रभावित करने वाले निर्णयों में परिवारों और समुदायों के निवेश की तलाश करें<br>• बाल सुरक्षा नीतियों और प्रथाओं के विकास और समीक्षा में परिवारों और समुदायों को शामिल करें<br>• बाल सुरक्षा चिंताओं को कैसे उठाया जाए और संगठन कैसे संचालित किया जाता है, इसके बारे में परिवारों और समुदायों के साथ प्रभावी ढंग से संवाद करें<br>• परिवारों की विविधता को ध्यान में रखें तथा समावेशन में बाधाओं को कम करने के लिए कार्य करें। | बाल सुरक्षित संगठन बनाने की मार्गदर्शिका में परिवारों और समुदायों को शामिल करने की अच्छे अभ्यास के रूप में अनुशंसा पहले से ही की गई है।<br>राष्ट्रीय सिद्धांत 3 के विषय में ऑस्ट्रेलियाई मानवाधिकार आयोग (Australian Human Rights Commission) का ई-लर्निंग मॉड्यूल उपयोगी सलाह प्रदान करता है और यह बाल सुरक्षा संगठन ई-लर्निंग पोर्टल के माध्यम से सुलभ है। |

| नए बाल सुरक्षा मानक (1 जुलाई 2022 से शुरू होंगे) | नया क्या है या क्या बदल रहा है? | उपयोगी संसाधन |
| --- | --- | --- |
| **बाल सुरक्षा मानक 5 - निष्पक्षता का पालन किया जाता है तथा नीति और व्यवहार में विविध आवश्यकताओं का सम्मान किया जाता है**<br><br>बाल सुरक्षा मानक 5 के अनुपालन में संगठन को कम से कम यह सुनिश्चित करना चाहिए:<br><br>5.1 कर्मचारियों और स्वयंसेवकों सहित संगठन, बच्चों व युवाओं की विविध परिस्थितियों को समझता है, तथा अतिसंवेदनशील लोगों को सहायता एवं प्रतिक्रिया प्रदान करता है।<br><br>5.2 बच्चों और युवाओं को सांस्कृतिक रूप से सुरक्षित, सुलभ एवं समझने में आसान तरीके से सूचना, समर्थन तथा शिकायत प्रक्रियाओं तक सुगमता प्राप्त है।<br><br>5.3 संगठन विकलांगता-ग्रस्त बच्चों और युवाओं, सांस्कृतिक व भाषाई रूप से विविध पृष्ठभूमियों के बच्चों एवं युवाओं, जो घर पर रहने में असमर्थ हैं, तथा स्त्री-समलैंगिक, पुरुष-समलैंगिक, उभयलिंगी, पारलिंगी एवं अंतर्लिंगी बच्चों और युवाओं की आवश्यकताओं पर विशेष ध्यान देता है।<br><br>5.4 संगठन आदिवासी (एबोरिजनल) बच्चों और युवाओं की जरूरतों पर विशेष ध्यान देता है तथा उनके लिए सांस्कृतिक रूप से सुरक्षित वातावरण प्रदान करता है/को बढ़ावा देता है। | बाल सुरक्षा मानकों ने हमेशा संगठनों को विविधता को पहचानने और प्रतिक्रिया देने तथा यह समझने की आवश्यकता की है कि कुछ बच्चे दूसरों की तुलना में दुर्व्यवहार के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं। आज तक इसे आदिवासी (एबोरिजनल) बच्चों की सांस्कृतिक सुरक्षा, सांस्कृतिक और/या भाषाई रूप से विविधतायुक्त बच्चों व विकलांगता-ग्रस्त बच्चों की सुरक्षा से संबंधित तीन सिद्धांतों के माध्यम से व्यक्त किया गया है।<br><br>ये दायित्व जारी हैं, लेकिन नया बाल सुरक्षा मानक 5 कुछ अतिरिक्त दायित्वों को स्पष्ट करता है, जिसके लिए संगठनों को निम्न की आवश्यकता होती है:<br>• बच्चों और युवाओं की विविध पृष्ठभूमियों, परिस्थितियों और आवश्यकताओं को समझें<br>• कोई भी आवश्यक समायोजन करें और सभी बच्चों और युवाओं को समान सुरक्षा प्रदान करें<br>• ऐसे बच्चों और युवाओं, जो घर पर रहने में असमर्थ हैं तथा साथ ही स्त्री-समलैंगिक, पुरुष-समलैंगिक, उभयलिंगी, पारलिंगी एवं अंतर्लिंगी बच्चों व युवाओं की भी आवश्यकताओं पर विचार करें।<br><br>बच्चों की विविध परिस्थितियों को समझने पर नए मानक के संकेंद्रण को देखते हुए, संगठनों को गैर-द्विआधारी और लिंग-विविध बच्चों की आवश्यकताओं पर भी ध्यान देने की आवश्यकता होगी।<br><br>यह मानक नए मानक 1 से जुड़ा है, जिसके लिए संगठनों को सांस्कृतिक रूप से सुरक्षित परिवेश स्थापित करने की आवश्यकता होती है जिसमें आदिवासी (एबोरिजनल) बच्चों और युवाओं की विविध एवं अनूठी पहचानों व अनुभवों का सम्मान किया जाता है तथा उन्हें महत्व दिया जाता है। | आयोग की बाल सुरक्षित संगठन बनाने के लिए आयोग की मार्गदर्शिका (Guide for Creating a Child Safe Organisation) युवाओं के विभिन्न समूहों, विशेष रूप से आदिवासी बच्चों, सांस्कृतिक और/या भाषाई रूप से विविध बच्चों तथा विकलांगता-ग्रस्त बच्चों की आवश्यकताओं का समर्थन करने पर कुछ उपयोगी मार्गदर्शन प्रदान करती है।<br><br>राष्ट्रीय सिद्धांत 4 के विषय में ऑस्ट्रेलियाई मानवाधिकार आयोग (Australian Human Rights Commission) का ई-लर्निंग मॉड्यूल उपयोगी सलाह प्रदान करता है और यह बाल सुरक्षा संगठन ई-लर्निंग पोर्टल के माध्यम से सुलभ है। |

| नए बाल सुरक्षा मानक (1 जुलाई 2022 से शुरू होंगे) | नया क्या है या क्या बदल रहा है? | उपयोगी संसाधन |
|---|---|---|
| **बाल सुरक्षा मानक 6 - बच्चों और युवाओं के साथ काम करने वाले लोग व्यवहार में बाल सुरक्षा तथा सकुशलता के मूल्यों को दर्शाने के लिए उपयुक्त एवं समर्थित हैं**<br>बाल सुरक्षा मानक 6 के अनुपालन में संगठन को कम से कम यह सुनिश्चित करना चाहिए:<br>6.1 विज्ञापन, संदर्भ जाँचों और कर्मचारी तथा स्वयंसेवी पूर्व-रोजगार स्क्रीनिंग सहित, भर्ती, बाल सुरक्षा एवं सकुशलता पर बल देती है।<br>6.2 प्रासंगिक कर्मचारियों और स्वयंसेवकों की वर्तमान में बच्चों के साथ काम करने की जाँचें या समकक्ष पृष्ठभूमि जाँचें की जानी चाहिए।<br>6.3 सभी कर्मचारियों और स्वयंसेवकों को उपयुक्त उत्प्रेरण (इंडक्शन) प्राप्त होता है तथा वे बच्चों व युवाओं के प्रति अपनी जिम्मेदारियों से अवगत होते हैं, जिसमें रिकॉर्ड रखना, सूचना साझा करना एवं रिपोर्टिंग-संबंधी दायित्व भी शामिल हैं।<br>6.4 जारी पर्यवेक्षण तथा मानव प्रबंधन बाल सुरक्षा और सकुशलता पर केंद्रित है। | वर्तमान बाल सुरक्षित मानकों के लिए संगठनों को पहले से ही कर्मचारियों और स्वयंसेवकों की भर्ती और चयन प्रक्रियाओं, स्क्रीनिंग, पर्यवेक्षण, प्रशिक्षण, विकास और प्रदर्शन निगरानी के लिए बाल सुरक्षा नीतियों और प्रक्रियाओं की आवश्यकता है। उन्हें कर्मचारियों और स्वयंसेवकों को बाल सुरक्षा से संबंधित मुद्दों के लिए संगठन की रिपोर्टिंग प्रक्रियाओं से अवगत कराना भी आवश्यक है।<br>नए बाल सुरक्षित मानक 6 के तहत, संगठनों के पास कर्मचारियों और स्वयंसेवकों को निम्नलिखित के बारे में सूचित करने के लिए नए दायित्व होंगे:<br>• बाल सुरक्षा और सकुशलता के संबंध में संगठन की अभिलेखन रखने की प्रक्रियाएँ<br>• सूचना साझा करने और रिपोर्टिंग के दायित्वों की। | आयोग की बाल सुरक्षित संगठन बनाने के लिए आयोग की मार्गदर्शिका (Guide for Creating a Child Safe Organisation) में बाल सुरक्षा का समर्थन करने वाले कर्मचारियों और स्वयंसेवकों की भर्ती और चयन प्रक्रियाओं, स्क्रीनिंग, पर्यवेक्षण, प्रशिक्षण, विकास और प्रदर्शन निगरानी पर व्यापक मार्गदर्शन है।<br>राष्ट्रीय सिद्धांत 5 के विषय में ऑस्ट्रेलियाई मानवाधिकार आयोग (Australian Human Rights Commission) का ई-लर्निंग मॉड्यूल उपयोगी सलाह प्रदान करता है और यह बाल सुरक्षा संगठन ई-लर्निंग पोर्टल के माध्यम से सुलभ है। |

| नए बाल सुरक्षा मानक (1 जुलाई 2022 से शुरू होंगे) | नया क्या है या क्या बदल रहा है? | उपयोगी संसाधन |
|---|---|---|
| **बाल सुरक्षा मानक 7 - शिकायतों और चिंताओं के लिए प्रक्रियाएँ बाल केंद्रित हैं**<br><br>बाल सुरक्षा मानक 7 के अनुपालन में संगठन को कम से कम यह सुनिश्चित करना चाहिए:<br><br>7.1 संगठन के पास सुलभ, बाल केंद्रित शिकायत प्रबंधन नीति है जो नेतृत्व वर्ग, कर्मचारियों और स्वयंसेवकों की भूमिकाओं एवं जिम्मेदारियों को, विभिन्न प्रकार की शिकायतों से निपटने के लिए दृष्टिकोणों को, प्रासंगिक नीतियों या आचार संहिता के उल्लंघनों को तथा कार्य करने और रिपोर्ट करने के दायित्वों को स्पष्ट रूप से रेखांकित करती है।<br><br>7.2 बच्चे और युवा, परिवार, कर्मचारी एवं स्वयंसेवक प्रभावी शिकायत प्रबंधन प्रक्रियाओं को समझते हैं तथा ये सांस्कृतिक रूप से सुरक्षित हैं।<br><br>7.3 शिकायतों को गंभीरता से लिया जाता है, तथा इन्हें त्वरित और संपूर्ण प्रतिक्रिया दी जाती है।<br><br>7.4 संगठन की नीतियाँ और प्रक्रियाएँ हैं जो संबंधित अधिकारियों तक शिकायतों व मामलों की रिपोर्टिंग को संबोधित करती हैं, चाहे कानूनन रिपोर्टिंग की आवश्यकता हो या नहीं, तथा वह कानून प्रवर्तन के साथ सहयोग करता है।<br><br>7.5 रिपोर्टिंग, गोपनीयता और रोजगार से संबंधित कानून के दायित्वों को पूरा किया जाता है। | वर्तमान बाल सुरक्षा मानकों के लिए संगठनों को प्रभावी प्रक्रियाओं की आवश्यकता होती है जो शिकायतें करने में बच्चों और युवाओं का समर्थन करती हैं तथा यह सुनिश्चित करती हैं कि संगठन संदिग्ध बाल शोषण के प्रति उचित रूप से प्रतिक्रिया कर सकता है एवं उसकी रिपोर्ट कर सकता है।<br><br>नया बाल सुरक्षा मानक 7 कर्मचारियों और स्वयंसेवकों के अलावा बच्चों व युवाओं एवं उनके परिवारों द्वारा बच्चों पर केंद्रित तथा उनके द्वारा समझी जाने वाली शिकायत प्रक्रियाओं के महत्व पर बल देता है।<br><br>नया बाल सुरक्षा मानक 7 भी संगठनों के लिए दायित्वों को स्पष्ट करता है कि वे:<br>• शिकायतों को गंभीरता से लें, तथा उनका तुरंत और पूरी तरह से जवाब दें<br>• कानून प्रवर्तन के साथ सहयोग करें<br>• रिपोर्टिंग, गोपनीयता और रोजगार कानून दायित्वों को पूरा करें। | आयोग की बाल सुरक्षित संगठन बनाने के लिए आयोग की मार्गदर्शिका (Guide for Creating a Child Safe Organisation) नीतियों और प्रक्रियाओं की रिपोर्टिंग पर प्रासंगिक सलाह प्रदान करती है। आयोग की वेबसाइट में इस योजना के अधीन संगठनों के लिए रिपोर्ट करने योग्य आचरण योजना पर मार्गदर्शन शामिल है।<br><br>बाल सुरक्षा के लिए राष्ट्रीय कार्यालय ने बाल-केंद्रित और सुलभ शिकायत प्रक्रियाओं को बनाने पर संसाधन प्रकाशित किए हैं।<br><br>राष्ट्रीय सिद्धांत 6 के विषय में ऑस्ट्रेलियाई मानवाधिकार आयोग (Australian Human Rights Commission) का ई-लर्निंग मॉड्यूल उपयोगी सलाह प्रदान करता है और यह बाल सुरक्षा संगठन ई-लर्निंग पोर्टल के माध्यम से सुलभ है। |

| नए बाल सुरक्षा मानक (1 जुलाई 2022 से शुरू होंगे) | नया क्या है या क्या बदल रहा है? | उपयोगी संसाधन |
|---|---|---|
| **बाल सुरक्षा मानक 8 - जारी शिक्षा और प्रशिक्षण के माध्यम से बच्चों एवं युवाओं को सुरक्षित रखने के लिए कर्मचारी तथा स्वयंसेवक ज्ञान, कौशल एवं जागरूकता से सुसज्जित हैं**<br>बाल सुरक्षा मानक 8 के अनुपालन में संगठन को कम से कम यह सुनिश्चित करना चाहिए:<br>8.1 कर्मचारियों और स्वयंसेवकों को संगठन की बाल सुरक्षा तथा सकुशलता नीति को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए प्रशिक्षित एवं समर्थित किया जाता है।<br>8.2 कर्मचारियों और स्वयंसेवकों को अन्य बच्चों एवं युवाओं के कारण होने वाली हानि सहित बच्चों की हानि के संकेतकों को पहचानने के लिए प्रशिक्षण तथा जानकारी प्राप्त होती है।<br>8.3 कर्मचारियों और स्वयंसेवकों को बाल सुरक्षा व सकुशलता के मुद्दों पर प्रभावी ढंग से प्रतिक्रिया देने के लिए तथा हानि का खुलासा करने वाले सहयोगियों का समर्थन करने के लिए प्रशिक्षण और जानकारी प्राप्त होती है।<br>8.4 कर्मचारियों और स्वयंसेवकों को बच्चों व युवाओं के लिए सांस्कृतिक रूप से सुरक्षित परिवेशों को बनाने के बारे में प्रशिक्षण तथा जानकारी प्राप्त होती है। | वर्तमान बाल सुरक्षा मानकों के लिए संगठनों को पहले से ही कर्मचारियों और स्वयंसेवकों को जानकारी व प्रशिक्षण प्रदान करने की आवश्यकता है ताकि वे बाल सुरक्षित परिवेशों को बना सकें तथा दुर्व्यवहार के आरोपों का जवाब दे सकें।<br>नया बाल सुरक्षा मानक 8 संगठनों के लिए कर्मचारियों और स्वयंसेवकों को प्रशिक्षित व समर्थित करने के लिए दायित्वों को बताता है, तथा सतत शिक्षा और प्रशिक्षण प्रदान करता है कि वे:<br>• संगठन की बाल सुरक्षा और सकुशलता नीति लागू करें<br>• हानि के संकेतकों को पहचानें (अन्य बच्चों और युवाओं के कारण होने वाली हानि सहित)<br>• बाल सुरक्षा से संबंधित मुद्दों और चिंताओं का प्रभावी ढंग से जवाब दें तथा हानि का खुलासा करने वाले सहयोगियों का समर्थन करें।<br>यह मानक नए मानकों 1 और 5 से जुड़ा है, जिसमें तीनों मानक बच्चों व युवाओं के लिए सुरक्षित परिवेशों को बनाने के लिए कर्मचारियों एवं स्वयंसेवकों के लिए प्रशिक्षण तथा जानकारी प्रदान करने के लिए संगठनों पर दायित्व रखते हैं। | आयोग की बाल सुरक्षित संगठन बनाने के लिए आयोग की मार्गदर्शिका (Guide for Creating a Child Safe Organisation) में ज्ञान, कौशल और जागरूकता के बारे में कर्मचारियों एवं स्वयंसेवकों के लिए कुछ जानकारी शामिल है जो बच्चों तथा युवाओं को सुरक्षित रखने के लिए आवश्यक है। आयोग की वेबसाइट में इस योजना के अधीन संगठनों के लिए रिपोर्ट करने योग्य आचरण योजना पर मार्गदर्शन शामिल है।<br>शिक्षा और प्रशिक्षण विभाग के स्कूलों के लिए मार्गदर्शन में दुरुपयोग के संकेतों के बारे में उपयोगी जानकारी है।<br>राष्ट्रीय सिद्धांत 7 के विषय में ऑस्ट्रेलियाई मानवाधिकार आयोग (Australian Human Rights Commission) का ई-लर्निंग मॉड्यूल उपयोगी सलाह प्रदान करता है और यह बाल सुरक्षा संगठन ई-लर्निंग पोर्टल के माध्यम से सुलभ है। |

| नए बाल सुरक्षा मानक (1 जुलाई 2022 से शुरू होंगे) | नया क्या है या क्या बदल रहा है? | उपयोगी संसाधन |
|---|---|---|
| **बाल सुरक्षा मानक 9 - भौतिक और ऑनलाइन परिवेश बच्चों एवं युवाओं को हानि पहुँचाने के अवसर को कम करते हुए उनकी सुरक्षा तथा सकुशलता को बढ़ावा देते हैं**<br>बाल सुरक्षा मानक 9 के अनुपालन में संगठन को कम से कम यह सुनिश्चित करना चाहिए:<br>9.1 कर्मचारी और स्वयंसेवक बच्चे के निजता के अधिकार, सूचना तक पहुँच, सामाजिक संपर्कों तथा सीखने के अवसरों से समझौता किए बिना ऑनलाइन एवं भौतिक परिवेशों में जोखिमों की पहचान करते हैं और उन्हें कम करते हैं।<br>9.2 ऑनलाइन परिवेश का उपयोग संगठन की आचार संहिता और बाल सुरक्षा तथा सकुशलता नीति एवं प्रथाओं के अनुसार किया जाता है।<br>9.3 जोखिम प्रबंधन योजनाएँ संगठनात्मक समायोजनों, गतिविधियों और भौतिक परिवेश से उत्पन्न जोखिमों पर विचार करती हैं।<br>9.4 वे संगठन जो तीसरे पक्षों से सुविधाओं और सेवाओं का अनुबंध करते हैं, उनकी खरीद नीतियाँ बच्चों तथा युवाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करती हैं। | वर्तमान बाल सुरक्षा मानकों के लिए संगठनों को पहले से ही भौतिक और ऑनलाइन दोनों परिवेशों से जुड़े जोखिमों के प्रति सचेत रहने तथा बाल शोषण के जोखिमों को दूर करने के उपायों को अपनाने की आवश्यकता है।<br>नए बाल सुरक्षा मानक 9 में संगठनों के लिए विशिष्ट दायित्व शामिल हैं कि वे:<br>• भौतिक परिवेशों के अलावा ऑनलाइन परिवेशों पर विचार करें<br>• किसी बच्चे या युवा के निजता के अधिकार, सूचना तक सुलभता, सामाजिक संपर्कों और सीखने के अवसरों से समझौता किए बिना इन परिवेशों में जोखिमों की पहचान करें तथा उन्हें कम करें<br>• बाल सुरक्षा और सकुशलता को बढ़ावा देने के साथ-साथ बच्चों तथा युवाओं को हानि पहुँचने के अवसर को कम करें<br>• यदि संगठन तृतीय पक्षों से सुविधाओं और सेवाओं का अनुबंध करता है, तो बच्चों एवं युवाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने वाली खरीद नीतियाँ लागू करें। | आयोग की बाल सुरक्षित संगठन बनाने के लिए आयोग की मार्गदर्शिका (Guide for Creating a Child Safe Organisation) दुर्व्यवहार के जोखिमों की पहचान करने और उन्हें कम करने के बारे में सलाह प्रदान करती है।<br>आयोग का COVID-19 महामारी के दौरान बच्चों और युवाओं को ऑनलाइन सुरक्षित रखना उपयोगी सुझाव और लिंक प्रदान करता है।<br>ई-सुरक्षा आयुक्त (eSafety Commissioner) बच्चों को ऑनलाइन सुरक्षित रखने के लिए व्यापक व्यावहारिक सलाह देते हैं।<br>ऑस्ट्रेलियाई मानवाधिकार आयोग (Australian Human Rights Commission) की ऑनलाइन सुरक्षा की जाँचसूची और राष्ट्रीय सिद्धांत 8 पर ई-लर्निंग मॉड्यूल उपयोगी सलाह प्रदान करता है तथा यह बाल सुरक्षित संगठन ई-लर्निंग पोर्टल के माध्यम से सुलभ है। |

| नए बाल सुरक्षा मानक (1 जुलाई 2022 से शुरू होंगे) | नया क्या है या क्या बदल रहा है? | उपयोगी संसाधन |
|---|---|---|
| **बाल सुरक्षा मानक 10 - बाल सुरक्षा मानकों के कार्यान्वयन की नियमित रूप से समीक्षा और सुधार किया जाता है**<br>बाल सुरक्षा मानक 10 के अनुपालन में संगठन को कम से कम यह सुनिश्चित करना चाहिए:<br>10.1 संगठन नियमित रूप से बाल सुरक्षा प्रथाओं की समीक्षा, मूल्यांकन और सुधार करता है।<br>10.2 लगातार सुधार को सूचित करने के कारणों और प्रणालीगत विफलताओं की पहचान करने के लिए शिकायतों, मामलों तथा सुरक्षा घटनाओं का विश्लेषण किया जाता है।<br>10.3 संगठन प्रासंगिक समीक्षाओं के निष्कर्षों पर कर्मचारियों और स्वयंसेवकों, समुदाय व परिवारों एवं बच्चों तथा युवाओं को रिपोर्ट करता है। | समीक्षा और निरंतर सुधार पहले से ही वर्तमान बाल सुरक्षा मानकों का हिस्सा हैं।<br>नए बाल सुरक्षा मानक 10 में संगठनों के लिए नए दायित्व शामिल हैं कि वे:<br>• लगातार सुधार को सूचित करने के प्रयोजन से कार्यों और प्रणालीगत विफलताओं की पहचान करने के लिए शिकायतों, चिंताओं और सुरक्षा-संबंधी घटनाओं का विश्लेषण करें<br>• कर्मचारियों और स्वयंसेवकों, समुदाय एवं परिवारों तथा बच्चों व युवाओं की बाल सुरक्षा प्रथाओं की प्रासंगिक समीक्षाओं के निष्कर्षों के बारे में रिपोर्ट करें। | आयोग की बाल सुरक्षित संगठन बनाने के लिए आयोग की मार्गदर्शिका (Guide for Creating a Child Safe Organisation) एक स्व-मूल्यांकन उपकरण (Word फाइल के रूप में उपलब्ध) प्रदान करती है ताकि संगठनों को वर्तमान बाल सुरक्षा मानकों के विरुद्ध अपने बाल सुरक्षा ढाँचे की समीक्षा करने में सहायता मिल सके। नए बाल सुरक्षा मानकों के विरुद्ध समीक्षाओं का समर्थन करने के लिए एक नया उपकरण प्रकाशित किया जाएगा।<br>राष्ट्रीय सिद्धांत 9 के विषय में ऑस्ट्रेलियाई मानवाधिकार आयोग (Australian Human Rights Commission) का ई-लर्निंग मॉड्यूल उपयोगी सलाह प्रदान करता है और यह बाल सुरक्षा संगठन के ई-लर्निंग पोर्टल के माध्यम से सुलभ है। |

| नए बाल सुरक्षा मानक (1 जुलाई 2022 से शुरू होंगे) | नया क्या है या क्या बदल रहा है? | उपयोगी संसाधन |
|---|---|---|
| **बाल सुरक्षा मानक 11 - नीतियाँ और प्रक्रियाएँ इस बात का अभिलेखन करती हैं कि संगठन बच्चों तथा युवाओं के लिए कैसे सुरक्षित है**<br>बाल सुरक्षा मानक 11 के अनुपालन में संगठन को कम से कम यह सुनिश्चित करना चाहिए:<br>11.1 नीतियाँ और प्रक्रियाएँ सभी बाल सुरक्षा मानकों को संबोधित करती हैं।<br>11.2 नीतियों और प्रक्रियाओं का दस्तावेजीकरण किया जाता है तथा ये समझने में आसान हैं।<br>11.3 नीतियों एवं प्रक्रियाओं का विकास सर्वोत्तम कार्यप्रथाओं के प्रारूपों और हितधारक परामर्श से सूचित होता है।<br>11.4 मार्गदर्शक नीतियों और प्रक्रियाओं का समर्थन तथा उनके अनुपालन का निरूपण करते हैं।<br>11.5 कर्मचारी और स्वयंसेवक नीतियों व प्रक्रियाओं को समझते हैं तथा उन्हें लागू करते हैं। | बाल सुरक्षित प्रथाओं के कार्यान्वयन का समर्थन करने के लिए व्यापक नीतियों और प्रक्रियाओं को तैयार करना वर्तमान बाल सुरक्षा मानकों द्वारा पहले से ही आवश्यक है।<br>नए बाल सुरक्षा मानक 11 में संगठनों के लिए ये नए दायित्व शामिल हैं कि वे:<br>• नीतियों और प्रक्रियाओं को समझने में आसान बनाएँ<br>• नीतियों और प्रक्रियाओं के विकास को सूचित करने के लिए हितधारक परामर्श और सर्वोत्तम आचरण आदर्शों का उपयोग करें<br>• नीतियों और प्रक्रियाओं का संगठनात्मक मार्गदर्शकों द्वारा समर्थन और आदर्शत: अनुपालन सुनिश्चित करें। | आयोग की बाल सुरक्षित संगठन बनाने के लिए आयोग की मार्गदर्शिका (Guide for Creating a Child Safe Organisation) वर्तमान मानक 2 के अनुभाग में नमूना नीतियाँ और उपयोगी मार्गदर्शन प्रदान करती है।<br>राष्ट्रीय सिद्धांत 10 के विषय में ऑस्ट्रेलियाई मानवाधिकार आयोग (Australian Human Rights Commission) का ई-लर्निंग मॉड्यूल उपयोगी सलाह प्रदान करता है और यह बाल सुरक्षा संगठन (Child Safe Organisations) ई-लर्निंग पोर्टल के माध्यम से सुलभ है। |